लापरवाही पर ट्रांसफर नहीं डिमोशन होगा

- ऑनलाइन समीक्षा के दौरान ऊर्जा मंत्री ने दिये निर्देश

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 5 जनवरी. समाधान योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि नहीं प्राप्त होने तथा कार्य में लापरवाही पर अधिकारियों का ट्रांसफर नहीं डिमोशन किया जायेगा.

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात समाधान योजना की प्रगति की ऑनलाइन समीक्षा के दौरान कही. उन्होंने कहा कि रबी सीजन में किसानों को हर हाल में 10 घंटे की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें. मंत्री तोमर ने सर्किलवार योजना की प्रगति की समीक्षा की. इस दौरान तोमर ने कहा कि समाधान योजना में जो सर्किल सबसे अच्छी उपलब्धि अर्जित करेगा, उसके अधीक्षण यंत्री को 50 हजार रूपये का इनाम दिया जायेगा. कंपनी क्षेत्र के तहत प्रथम सर्किल को 25 हजार रूपये और सर्वश्रेष्ठ सहायक यंत्री को 11 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जायेगा. संबंधित के गोपनीय चरित्रावली में भी इसकी इंट्री की जायेगी. **2 लाख से अधिक के बकायादारों से सीई, एसई बात करें:** ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के 2 लाख रूपये से अधिक के बिजली बिल बकाया हैं, उनसे मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता स्वयं बात करें. इसका डिटेल मंत्री कार्यालय को भी दें. उन्होंने कहा कि प्रथमत: बड़े बकायादारों से सख्ती से वसूली करें. कंपनी की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए यह कार्य जरूरी है. वरिष्ठ अधिकारी लगातार फील्ड का भ्रमण करें.

अभी तक जमा हुये 578 करोड़ रूपये

समाधान योजना में अभी तक 578 करोड़ 22 लाख रूपये जमा हुए हैं. बिजली उपभोक्ताओं के 264 करोड़ 17 लाख रूपये के सरचार्ज माफ किये गए हैं. सर्वाधिक 382 करोड़ 72 लाख रूपये मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्र में जमा हुए हैं. योजना का प्रथम चरण 31 जानकारी तक चलेगा. सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले ने कहा कि लंबित बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के बिजली कनेक्शन काटे जायें. उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुसार वसूली जरूरी है. इस दौरान एमडी. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनय द्विवेदी, एमडी. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अनूप सिंह सहित सभी अधिकारी बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए.

नगर पालिका का कर्मचारी रिश्वत लेते पकड़ा

ग्वालियर. लोकायुक्त पुलिस ने सहायक राजस्व निरीक्षक जलप्रदाय नगर पालिका गोहद भिंड को 20 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा है. आरोपी ने लोकसभा चुनाव में बूथ केंद्रों पर टेंट एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के बिल का भुगतान कराने के एवज में रिश्वत मांगी थी. पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा ने बताया कि ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस ने सोमवार को रिश्वतखोर सहायक राजस्व निरीक्षक जलप्रदाय शाखा नगर पालिका कार्यालय गोहद भिंड अवधेश यादव पुत्र मोती यादव निवासी नेशनल स्कूल के सामने फक्कड़ बाबा मंदिर के आगे बड़ागांव को 20 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ पकड़ा है.

मौसम : स्कूल बंद, ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित

एमपी में कोहरे और सर्दी के कहर से जनजीवन पर असर

भोपाल, 5 जनवरी. मध्यप्रदेश में सोमवार को घने कोहरे और तेज सर्दी ने जनजीवन पर भारी असर डाला. राजधानी भोपाल में इस सर्दी सीजन का अब तक का सबसे घना कोहरा दर्ज किया गया, जहां दृश्यता मात्र 20 मीटर तक रह गई.

ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और उज्जैन संभाग समेत कई जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया गया है. सुबह से ही सड़कें कोहरे में गुम नजर आईं और वाहनों की गति लगभग थम गई. सोलह जिलों में स्कूलों की छुट्टियों का भी ऐलान हुआ है. शहडोल, रीवा, भोपाल, सिहोर, खंडवा, रतलाम, उज्जैन, टीकमगढ़ और दतिया जैसे जिलों में शीतलहर का प्रभाव बना रहा. राजगढ़ और विदिशा में तापमान और भी तेजी से गिरा. पिछले 24 घंटों में भोपाल संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान 3.0 डिग्री तक गिर गया.

शहडोल संभाग के जिलों में तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक रहा. उज्जैन संभाग के जिलों में तापमान सामान्य से 5.2 डिग्री तक कम दर्ज किया गया. न्यूनतम तापमान भी भोपाल, रीवा, जबलपुर, शहडोल और सागर संभागों में 2.3 डिग्री से 3.7 डिग्री तक गिरा. मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जो उत्तरी पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्र में चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में स्थित है.

गंदे पानी को लेकर निकली दंडवत यात्रा

शुद्ध पेयजल मिलने तक संघर्ष जारी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 5 जनवरी. शहर में गन्दे पानी की आपूर्ति और विभिन्न अव्यवस्थाओं के विरोध में बीजेपी पार्षद बृजेश श्रीवास ने सोमवार को दण्डवत यात्रा निकालकर विरोध दर्ज कराया.

इस यात्रा का उद्देश्य महापौर और नगर निगम प्रशासन का ध्यान नागरिकों की परेशानियों की तरफ आकर्षित करना बताया गया है. दंडवत यात्रा फूलबाग चौराहे पर श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा से शुरू होकर निगम परिषद कार्यालय तक पहुंची. बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए. प्रदर्शनकारियों के हाथों में स्वच्छ पानी दो, गंदे पानी से परेशान हैं जनता' और ''जल समस्या का समाधान करो'' जैसे नारे लिखी तख्तियां हाथ में थीं. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इलाके के नलों में पीने योग्य पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है. गंदे और बदबूदार पानी की वजह से लोगों को गंभीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है. लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है. यात्रा के बीच लगाये गये बैनरों में केवल जल संकट ही नहीं बल्कि शहर की बदहाल स्थिति को भी दर्शाया गया.

इनमें टूटी सड़कें, खराब, सफाई व्यवस्था, उफनते सीवर और कॉलोनियों मे अंधेरे जैसी समस्याओं का उल्लेख किया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह दंडवत मार्च नगर सरकार को जगाने के लिये किया गया। नलों में साफ पानी आने तक जारी रहेगा संघर्ष इस मोके पर पार्षद बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि यह आन्दोलन जनता की पीड़ा और नाराजगी को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्ष नितिन से सौजन्य भेंट

नईदिल्ली. दिल्ली स्थित भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं.

शिवपुरी में उपलब्ध कराई जाएंगी क्रिकेट की सुविधाएं

शिवपुरी, 05 जनवरी. मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी में क्रिकेट की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी.

सिंधिया शिवपुरी के टूरिस्ट विलेज होटल में बीती रात जिला क्रिकेट एसोसिएशन शिवपुरी की बैठक में सम्मिलित हुए. बैठक में उन्होंने ये बात कही. उन्होंने कहा कि विभिन्न शहरों से अच्छे खिलाड़ियों को तैयार करने और उन्हें खेल में निखारने के लिए आधुनिक सुविधाएं दिया जाना आवश्यक है. सिंधिया कल शाम ग्वालियर से शिवपुरी पहुंचे थे.

लगभग 3 घंटे तक शहर के मुख्य मार्ग पर उनका स्वागत कार्यक्रम चला. वे एमपीसीए का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने पिता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा क्षेत्र के शिवपुरी जिले में आए थे.

कोठी-काचीगुडा एक्सप्रेस का बड़नगर पर ठहराव

02 मिनट का ठहराव बड़नगर स्टेशन पर होगा

भोपाल,5 जनवरी. यात्रियों की सुविधा और मांग को ध्यान में रखते हुए, भोपाल मंडल द्वारा संचालित भगत की कोठी-काचीगुडा एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 17606/ 17605) को बड़नगर रेलवे स्टेशन पर 2 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है.

गाड़ी संख्या 17606 भगत की कोठी-काचीगुडा एक्सप्रेस बड़नगर स्टेशन पर सुबह 11.38 बजे पहुंचेगी और 11.40 बजे प्रस्थान करेगी. वहीं, काचीगुडा से चलने वाली गाड़ी संख्या 17605 काचीगुडा-भगत की कोठी एक्सप्रेस सुबह 06.05 बजे बड़नगर स्टेशन पर पहुंचेगी और 06.07 बजे प्रस्थान करेगी.

इस ठहराव से यात्रियों को ट्रेन बदलने, बैठने और अन्य सुविधाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी. रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे अपनी यात्रा से पहले ट्रेन संख्या, दिनांक और समय-सारिणी की पुष्टि आधिकारिक रेलवे वेबसाइट, एनटीईएस ऐप या नजदीकी रेलवे स्टेशन से अवश्य कर लें. इस निर्णय से यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी और यात्रा और अधिक सुगम तथा आरामदायक होगी. बड़नगर स्टेशन पर दोनों दिशाओं में ट्रेन के 2 मिनट के ठहराव से स्थानीय और लम्बी दूरी के यात्रियों को लाभ मिलेगा.

250 बच्चों को सुरक्षित बचाया

भोपाल. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल की आरपीएफ ने वर्ष 2025 में 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में खोए हुए और असहाय 250 बच्चों को बचाया. यह अभियान डीआरएम पंकज त्यागी और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के नेतृत्व में चलाया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा और उन्हें परिवारों से मिलाना है. आरपीएफ ने बच्चों के परिवारों की खोज कर उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाया और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान भी चलाया. इस अभियान में यात्रियों और आम जनता को बच्चों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई. सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' आरपीएफ की सामाजिक जिम्मेदारी और बच्चों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है. आरपीएफ इस अभियान को और विस्तारित करने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाएगी.

उमरियापान देश की पहली नगर परिषद, शहीदों के नाम

भोपाल, 5 जनवरी. मध्यप्रदेश के कटनी जिले की ढीमरखेड़ा तहसील में नवगठित नगर परिषद उमरियापान ने देश में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक पहल की है।

उमरियापान देश की पहली ऐसी नगर परिषद बन गई है, जहां सभी 15 वार्डों के नाम परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे गए हैं। इस संबंध में 31 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश राजपत्र में विधिवत अधिसूचना प्रकाशित की गई है। कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, वार्डों का नामकरण भारत के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप किया गया है। यह पहल न केवल वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रभक्ति और साहस की भावना जागृत करने का प्रयास भी है। नगर परिषद के वार्डों के नाम मेजर पीरू सिंह, मेजर धन सिंह थापा, मेजर होशियार सिंह, कैप्टन विक्रम बत्रा, सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, मेजर सोमनाथ शर्मा, मेजर शैतान सिंह, सूबेदार जोगिंदर सिंह, कैप्टन मनोज कुमार पांडे, मेजर रामस्वामी परमेश्वरम, सेकेंड लेफ्टिनेंट राम राघोबा राणे, शहीद अब्दुल हमीद, शहीद अल्बर्ट एक्का, कैप्टन गुरबचन सिंह सालारिया और लांस नायक करम सिंह के नाम पर रखे गए हैं।

मैनपावर भर्ती समय-सीमा पर पूरी हों

भोपाल, 5 जनवरी . उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सोमवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली.

बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपकरणों की खरीदी निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो. इसके साथ ही पीएम-अभीम योजना, 15वें वित्त आयोग की राशि तथा राज्य बजट के प्रावधानों का समयबद्ध और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मैनपावर भर्ती को लेकर विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग और

विधि विभाग से निरंतर समन्वय बनाए रखें तथा भर्ती से जुड़े अग्रेषित प्रकरणों पर तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित करें. उन्होंने शासकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्यूटर और डिमॉन्स्ट्रेटर पदों पर नियमित भर्ती के निर्देश दिए. साथ ही मेडिकल कॉलेजों के अंतर्गत संचालित नर्सिंग कॉलेजों में नर्सिंग शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के लिए सामान्य प्रशासन विभाग से शीघ्र अभिमत प्राप्त कर आवश्यक औपचारिकताएं प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा.

बैठक में अस्पताल सहायक के लगभग 1200 पदों और 1260 नर्सिंग पदों की भर्ती से जुड़े उन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई, जो वर्तमान में विधि विभाग में लंबित हैं.

प्रधान आरक्षक सस्पेंड, आरक्षक लाइन हाजिर

जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत कमानिया गेट में शुक्रवार रात्रि मचे बवाल के बाद हुई लाठीचार्ज से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें दो पुलिसकर्मी सिगरेट के धुएं के छल्ले उड़ाते हुए एक पत्रकार को धमकी देते नजर आ रहे हैं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। मामले की शिकायत सीधे आईजी से की गई थी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने एक्शन लेते हुए ओमती थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक जोगिंदर सिंह को निलंबित कर दिया है और आरक्षक हरिओम को लाइन हाजिर किया गया है। इसके साथ ही दोनों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है.

कांग्रेस को और मजबूत बनाने का संकल्प

विशेष संवाददाता

भोपाल, 5 जनवरी.'बूथ चलो, गाँव चलो' अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में रायसेन जिले के ग्राम तराबली में ग्राम पंचायत कांग्रेस समिति का गठन किया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर रायसेन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, भोपाल ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष अनोखी पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल, प्रदेश प्रवक्ता आनंद जाट, राहुल राज, प्रदेश सचिव विष्णु विश्वकर्मा सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता, ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, बूथ लेवल एजेंट तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके पश्चात भोजपुर में जीतू पटवारी ने किसानों के साथ हो रहे कथित अन्याय के विरोध में प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 'किसान जन आंदोलन यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में यह यात्रा प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा और सभी ब्लॉकों तक पहुँचेगी. यात्रा के दौरान किसानों की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर किया जाएगा. सभा को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने भाजपा पर किसानों और महिलाओं से किए गए चुनावी वादों से मुकरने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि धान 3,100 रुपये प्रति क्विंटल और गेहूं 2,700 रुपये में खरीदने का वादा किया गया था.

जबर्दस्त उछाल | नये वर्ष में 4400 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक बना हुआ है मॉडल रेट

लगातार चढ़ रहा सोयाबीन का मॉडल रेट

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 5 जनवरी. महज 4220 रुपए प्रति क्विंटल से शुरू हुआ सोयाबीन का मॉडल रेट अब लगातार बढ़ रहा है. नये वर्ष में इसमें जबर्दस्त उछाल आया है और लगातार पिछले चार दिनों से 4400 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक रेट बना हुआ है.

रविवार को अब तक का सबसे अधिक मॉडल रेट 4459 रुपये दर्ज किया गया था, वहीं सोमवार को इसमें एक रुपए की मामूली गिरावट दर्ज की गई और ये 4458 रुपये पर टिका रहा. इससे साफ है कि अब प्रदेश में किसानों को मंडियों में सोयाबीन के बेहतर दाम मिलने लगे हैं, इससे मॉडल रेट में भी बढ़त बरकरार है.

भावांतर योजना के तहत पहली बार 7 नवंबर को 4220 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था, उसके बाद 30 दिसंबर को पहली बार 4300 के दहलीज तक पहुंचा और इस दिन 4296 रुपए प्रति क्विंटल मॉडल रेट जारी किया गया, लेकिन उसके अगले दिन 31 दिसंबर को इसमें जबर्दस्त बढ़त उछाल दर्ज किया गया और ये 4345 रुपए तक जा चढ़ा.

उसके बाद नये वर्ष के पहले दिन 1 जनवरी को 4380 रुपए, 2 जनवरी को 4432 रुपए, 3 जनवरी को 4439 रुपए और 4 जनवरी को 4459 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया था. राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी. यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी. मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है. यहां बता दें कि भावांतर राशि का भुगतान विक्रय दिनांक से 15 दिवस के भीतर किसान के आधार लिंक्ड बैंक खाते में किया जा रहा है जो कि मॉडल रेट गणना पर निर्भर है. 24 अक्टूबर 2025 से 6 नवंबर 2025 तक लगभग 1.33 लाख पंजीकृत किसानों को 233 करोड़ का प्रथम भुगतान 13 नवंबर 2025 को किया गया.

इसके बाद 7 नवंबर से 17 नवंबर तक लगभग 1.34 लाख पंजीकृत किसानों को 249 करोड़ का द्वितीय भुगतान 26 नवंबर को किया गया. तीसरे चरण में 17 नवंबर से 19 दिसंबर तक विक्रय करने वाले लगभग 3.77 लाख पंजीकृत किसानों को 810 करोड़ का भुगतान 28 दिसंबर को किया गया. इस तरह अभी तक 6.54 लाख पंजीकृत किसानों को भावांतर की 1292 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया है.

अतिथि शिक्षकों का मांगों को लेकर प्रदर्शन

भिण्ड. जिले में अपनी लंबित सात सूत्रीय मांगों को लेकर अतिथि शिक्षकों ने आज प्रदर्शन किया. आजाद शिक्षक संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक उत्तरी मैदान में एकत्रित हुए और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की. प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने तहसीलदार मोहनलाल शर्मा और भिण्ड विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह को ज्ञापन सौंपकर कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर भविष्य सुरक्षित करने की मांग रखी. प्रदर्शन कर रहे अतिथि शिक्षकों ने बताया कि वे पिछले 17-18 वर्षों से स्कूल शिक्षा विभाग और अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं.

पेज एक का शेष

दूषित पेयजल कांड : मृतकों की संख्या 17 पहुंची

रही मौतों और बीमारियों के बाद भी जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है. सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसानी ने बताया कि दूषित पेयजल से फैल रही बीमारी के चलते सोमवार को 38 नए मरीज सामने आए हैं. इनमें से 6 को अस्पताल में भर्ती किया है शेष को प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया है . अब तक इस मामले में 421 मरीज अस्पतालों में भर्ती किए जा चुके हैं, जिनमें से 311 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं. जबकि 142 मरीज शहर के अलग अलग सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती हैं, इनमें से 15 मरीजों की हालत गंभीर होने पर आईसीयू में उपचार किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग की 20 से अधिक टीमें प्रभावित क्षेत्र में लगातार रिंग सर्वे कर रही हैं. निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए भागीरथपुरा क्षेत्र को 30 सेक्टरों में विभाजित किया है. अब तक 5 हजार से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है, ताकि नए मरीजों की जल्द पहचान कर समय रहते इलाज सुनिश्चित किया जा सके.